# एक माह से शोपीस बना एटीएम

**खास बातें**
- बैंक प्रबंधन एवं प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान
- बार-बार खराब हो रहा एटीएम, उपभोक्ता परेशान




**नवभारत न्यूज**
**पठारी 8 सितम्बर, एक ओर बैंकों द्वारा उपभोक्ताओं को सुविधा मुहैया कराए जाने के उद्देश्य से जगह-जगह एटीएम लगाए गए हैं.लेकिन पठारी नगर की तीन बैंकों में एसबीआई द्वारा लगाया गया इकलौता एटीएम होने के वावजूद भी पिछले एक माह से शो फीस बना हुआ है.**

एटीएम मशीन तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़ी हुई है.इस मशीन ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है.विशेष रूप से रविवार और अन्य छुट्टियों के दिनों में जब बैंक बंद रहते हैं, तब नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले उपभोक्ता सबसे ज्यादा परेशान होते है.ग्रामीण अंचल से आने वाले लोगों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पडता है.कई बार देखा जाता है कि उन्हें नगदी निकालने के लिए नगर से 20 किमी दूर खुरई, 25 किमी दूर मंडीबामोरा, 36 किमी दूर गंजबासौदा एवं कुरवाई जाना पड़ता है, जिससे धन और समय दोनों की बर्बादी होती है. नगर के सुरेंद्र व्यास, अजय सिंह,राहुल,ने बताया है कि एसबीआई का एटीएम पिछले एक महीने से खराब होने के कारण हमें काफी परेशानियां हो रही हैं. वही लोगों को नगद राशि निकालने में परेशानी उठाना पड़ रही है.बार-बार एटीएम तक जाकर खाली हाथ लौटना अब उपभोक्ताओं की मजबूरी बन गई है.यह अब रोज की समस्या बन गई है. नागरिकों ने मांग की है कि या तो मशीन को तत्काल ठीक कराया जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था की जाए. उपभोक्ताओं का कहना है कि अब सुविधा समय पर नहीं मिल पा रही है.एटीएम मशीन केवल दिखावे का जरिया बन कर रह गई है.

### नई मशीन लगवा दी जावेगी-मैनेजर

इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक अविनाश परिहार ने बताया कि एटीएम मशीन जलकर पूरी तरह खराब हो चुकी है. दो-चार दिन में नई मशीन लगा दी जाएगी.

# रेलवे स्टेशन पर गंदगी, टपक रही छत

### घटिया निर्माण का खामियाजा उठा रहे यात्री



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 8 सितम्बर, करोड़ों रुपए की लागत से बना नया रेलवे स्टेशन 6 माह के अंदर ही बहुत बुरी स्थिति में नजर आ रहा है.बरसात में रेलवे स्टेशन की उस समय पोल खुल गई जब छत से जगह-जगह पानी टपक रहा था. यात्री ठीक से बैठ नहीं पा रहे थे. टीनशैड के अंदर पानी इतना टपक रहा था की धार लगी हुई थी.**

भोपाल डीआरएम द्वारा जब निरीक्षण के दौरान शिकायत मिली तो उन्होंने इंजीनियर तथा स्टाफ को फटकार लगाई और कहा की इतनी लापरवाही होने के बाद मुझे जानकारी नहीं दी गई यह गलत है.यात्रियों तथा नागरिकों ने शिकायत करते हुए कहा कि घटिया निर्माण कार्य हुआ है और यह कुछ समय तक ही टिकेगा इसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है.तकनीकी रूप से कार्य नहीं हुआ इंजीनियर तथा अन्य अधिकारी भी इसमें लिप्त है.इसकी जांच होना चाहिए यह कार्य बार-बार नहीं होते इसके साथ रेलवे स्टेशन के अंदर गंदगी ही गंदगी देखी गई.बाहर से चकाचक और अंदर फटाफट जैसी स्थिति बनी हुई है.रेलवे के निर्माण कार्य एक समय बहुत अच्छे होते थे.परंतु जब से ठेका प्रथा शुरू हुई है.निर्माण कार्य घटिया होने लगे हैं.रेलवे के संबंधित अधिकारी भी ध्यान नहीं देते.जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है.वहीं रेलवे स्टेशन के बाहर यात्री बाहर खड़े वाहनों के कारण निकल नहीं पा रहे हैं.रेलवे की बाउंड्री न तोड़ने से नागरिकों में आक्रोश है.डीआरएम भोपाल द्वारा नागरिकों को आश्वासन दिया था की शीघ्र ही बाउंड्री वॉल तोड़कर रास्ता वार्डवासियों के लिए दिया जाएगा परंतु ऐसा नहीं हुआ.

## लायंस क्लब विदिशा सम्राट का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** लायंस क्लब विदिशा सम्राट का शपथ ग्रहण समारोह भंडारी पैलेस में संपन्न हुआ.जिसमें मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ , इंस्टॉलेशन ऑफिसर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन अनिल झा, स्पेशल गेस्ट प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन महेश मालवीय एवं स्पेशल गेस्ट पूर्व मल्टीपल काउंसिल सेक्रेट्री एमजेएफ लायन अतुल शाह, रीजन चेयरपर्सन मुदित बंसल, जोन चेयरपर्सन लायन डॉ रवि साहू की उपस्थिति में चित्रांग जैन (अध्यक्ष) अविनाश उज्जैनिया (सचिव) राजीव जैन (कोषाध्यक्ष) के साथ और भी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई. साथ ही दीक्षा निकेतन स्कूल छात्रावास के दिव्यांग बच्चों के स्कूल के लिए लायंस क्लब विदिशा सम्राट के द्वारा आठ पंखों को भेंट किया गया जिसमें राजकुमार छुगानी जी का भी योगदान रहा.

## अखिल भारतीय मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की प्रदेश अध्यक्ष बनीं सुचिता सोनी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,अखिल भारतीय मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के प्रदेशाध्यक्ष मुकेश सोनी की अध्यक्षता में सोमवार को प्रदेश महिला मंडल का निर्वाचन विदिशा में सम्पन्न हुआ.इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री दुलीचंद मौसुन उपस्थित रहे.**

निर्वाचन में सर्वसम्मति से सुचिता प्रकाशचंद सोनी को प्रदेश महिला मंडल की अध्यक्ष चुना गया. इसके साथ ही प्रमिला बाघा को महामंत्री और सुधा सोनी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया.चुनाव में गुना, बिनागंज, उज्जैन, लिंबडी गुजरात, जोधपुर, इंदौर मोहन बड़ोदिया, ब्यावरा पचोर सहित विभिन्न शहरों से महिलाएं उपस्थित रही.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष मुकेश सोनी ने कहा कि महिला मंडल के गठन से समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ेगी. उन्होंने आह्वान किया कि समाज की मातृशक्ति बच्चों को सुशिक्षित एवं संस्कारित बनाकर समाज को सशक्त बनाए. वहीं राष्ट्रीय महामंत्री मौसुन ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिनसे निपटने के लिए उन्हें अनुशासन और आत्मरक्षा के गुर सिखाने होंगे.इस अवसर पर कार्यकारिणी विस्तार के तहत प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रमेश सोनी , प्रदेश मीडिया प्रभारी निरंजन सोनी और कार्यकारिणी सदस्य आरके सोनी को नियुक्त किया गया.सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अनिल वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश पाचम, महिला राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जगदीश सोनी सहित प्रदेश व जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे.अंत में विदिशा महिला मंडल की ओर से आभार व्यक्त किया गया.



## अज्ञात कारणों के चलते नाबालिग ने लगाई फांसी

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** अज्ञात कारणों के चलते नगर के ईदगाह मोहल्ला में 17 वर्षीय मोहिनी रैकवार पुत्री रमेश रैकवार ने अपने ही घर में पंखे के कुंदे पर रस्सी बांधकर फांसी लगाकर जान दे दी.थाना प्रभारी गौरव बाजपेयी ने बताया कि 17 साल की नाबालिक लड़की ने फांसी लगा ली है जिसके शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है.

## बिना ईकेवायसी नहीं मिलेगा शासकीय योजना का लाभ

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** प्रदेश व केन्द्र शासन द्वारा संचालित किसी भी योजना का लाभ लेने के लिये हितग्राहियों को समग्र आईडी की ईकेवायसी कराने हेतु 31 अगस्त तक का समय दिया था. किन्तु नियत समय पश्चात भी कई हितग्राहियों, नागरिकों ने समग्र आईडी की ईकेवायसी नहीं कराई है तथा शासकीय जनचिकित्सालय/ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से आयुष्मान कार्ड की ईकेवायसी नहीं कराई है. तो ऐसे लो 15 दिवस के भीतर संबंधित विभाग से अपनी-अपनी समग्र ईकेवायसी सम्पन्न करा लेवें.नपा ने बताया कि ऐसी परिस्थिति में 15 दिवस में हितग्राहियों की समग्र ईकेवायसी सम्पन्न नहीं होगी. ऐसे हितग्राही आयुष्मान कार्ड, संबल योजना, कर्मकार मण्डल योजना, खाद्यान योजना, पेंशन, आवास योजना, लाडली बहना योजना एवं शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के लाभ से वंचित हो जायेंगे.

## नगर परिषद को उपयंत्री मिलते ही विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**सांची, नगर परिषद में पिछले चार माह से रिक्त चल रहे उपयंत्री के पद पर अस्थायी व्यवस्था होते ही नगर के विकास कार्यों को गति मिलना शुरू हो गया है.पूर्व उपयंत्री के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद खाली था, जिसके चलते नगर के कई निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे थे. परिषद अध्यक्ष एवं पार्षदों ने लगातार नगरीय निकाय विभाग से पदस्थापना की मांग उठाई थी.**

अंततः बाड़ी नगर परिषद में पदस्थ उपयंत्री राजेंद्र सिंह स्वर्णकार को सांची नगर परिषद में भी सप्ताह में दो दिन अस्थायी रूप से कार्य करने हेतु भेजा गया है.सोमवार को वे पहली बार सांची पहुंचे और नगर के विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता देखी और आवश्यक निर्देश दिए.उपयंत्री के साथ परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम भी वार्ड क्रमांक 6 और 13 के निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे. अध्यक्ष ने बताया कि नगर में कई विकास कार्य उपयंत्री के अभाव में ठप पड़े थे, जिनमें अब तेजी आएगी. उन्होंने विशेष रूप से बताया कि वार्ड 13 में गीता भवन का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए आज स्थल निरीक्षण भी किया गया.अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने कहा कि उपयंत्री की नियुक्ति से नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है और अब अधूरे कार्यों को शीघ्र गति मिलेगी.इसी दौरान उपयंत्री राजेंद्र सिंह स्वर्णकार ने कहा कि नगर में जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, उनकी गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा. पूर्व में स्वीकृत और लंबित कार्यों को भी प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जाएगा.

## पर्यूषण पर्व के उपरांत भव्य विमान उत्सव हुआ आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई, जैन धर्म के प्रमुख पर्व पर्यूषण के समापन के ठीक बाद मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के कुरवाई नगर में आज भव्य विमान उत्सव निकाला गया.यह उत्सव स्थानीय जैन समुदाय द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा जी विमान मैं विराजमान कर शहर की प्रमुख सड़कों पर शोभायात्रा के रूप में ले जाया गया. सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस उत्सव में भाग लिया, जो धार्मिक उत्साह और सामुदायिक एकता का प्रतीक बना.**



पर्यूषण पर्व, जो क्षमा और आत्मशुद्धि का संदेश देता है, का समापन कल हुआ था. इसके उपरांत विमान उत्सव का आयोजन परंपरा के अनुरूप किया गया, जिसमें विमान को फूलों, दीपों और पारंपरिक संगीत के बीच सजाया गया. शोभायात्रा कुरवाई के मुख्य बाजार, बसस्टेण्ड, श्री चन्द्रप्रभु जिनालय मंदिर मार्ग और मैन रोड होते हुए जैन मंदिर पहुंची, जहां विशेष पूजा-अर्चना की गई. स्थानीय जैन समाज के प्रमुख सदस्यों ने बताया कि यह उत्सव वर्षा ऋतु के आगमन और पर्व के समापन का प्रतीक है, जो समुदाय को एकजुट करता है.उत्सव में स्थानीय विधायक हरिसिंह सप्रे एवं अन्य गणमान्यजन भी शामिल हुए.जुलूस में पुरुषों ने सफेद बस्त्र, महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया, जबकि बच्चे रंग-बिरंगे झंडे लहराते नजर आए. शाम को क्षमावाणी का आयोजन रखा गया था जिसमें एक दूसरे से क्षमा मांगी और साथ मैं सहभोज किया. स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे, जिसमें पुलिस बल और ट्रैफिक प्रबंधन शामिल था.कोई अप्रिय घटना न होने से आयोजकों ने राहत की सांस ली.यह उत्सव कुरवाई जैसे छोटे नगर में धार्मिक एवं सामाजिक उत्साह एवं एकता का उदाहरण रहा.

## विश्व ऐतिहासिक स्मारकों के दर्शनार्थ सांची पंहुची श्री लंका की उच्चायुक्त



**नवभारत न्यूज**
**सांची,,श्रीलंका की नई उच्चायुक्त महिशिनी कोलोन रविवार को विश्व धरोहर स्थल सांची स्तूपों के दर्शन के लिए पहुंचीं. उन्होंने बौद्ध मंदिर में भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया.इस अवसर पर उनके साथ महाबोधि सोसायटी श्रीलंका के प्रभारी भंते एसडीएम मनीष शर्मा एवं स्तूप प्रभारी संदीप मेहतो सीएमओ रामलाल कुश्वाह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे. इस अवसर पर उन्होंने संग्रहालय मे संरक्षित पुरा अवशेषों को भी नजदीक से निहारा.इस अवसर पर महाबोधि सोसायटी में उन्हें एक पुस्तक भी भेंट की गई.उन्होंने कहा कि सांची एक बौद्ध पवित्र स्थल है यह बहुत ही सुंदरता से परिपूर्ण है यहां व्यवस्था बहुत अच्छी है.**

महिशिनी कोलोन ने बौद्ध स्मारकों की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता की सराहना करते हुए परिसर को स्वच्छ और हराभरा बनाए रखने की प्रशंसा की.बताया जाता है कि कोलोन ने हाल ही में 9 जून 2025 को भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त का पदभार संभाला है. वह श्रीलंका की विदेश सेवा से वर्ष 1998 में जुड़ीं और 25 वर्षों से अधिक समय तक विभिन्न महत्वपूर्ण कूटनीतिक पदों पर कार्य कर चुकी हैं.वह संयुक्त राष्ट्र महासभा, मानवाधिकार परिषद, सार्क और गुटनिरपेक्ष आंदोलन सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर श्रीलंका का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं.उनकी शैक्षणिक योग्यता में पुणे विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातक, सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में स्नातकोत्तर और यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से एलएलबी शामिल है.

## जिला स्तरीय वृद्धजन कैंप का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय विदिशा में आज जिला स्तरीय वृद्धजन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सिविल सर्जन महोदय डॉ. अनूप वर्मा, सभी चिकित्सा अधिकारियों, फिजियोथैरेपी विशेषज्ञों ने 300 वृद्धजनो को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की हैं.जिसमें फ्रोजन शोल्डर, बैक पेन, ओस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्कुलर इंजरी के लगभग 200 मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं। जिला चिकित्सालय के फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. राहुल मारोथिया एवं डॉ. प्रियंका सिंह द्वारा वृद्ध जनों को फिजियोथैरेपी की सुविधा प्रदान की गई.

## रघुवंशी समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन में कई प्रस्तावों पर बनी सहमति

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** रघुवंशी समाज का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन छिंदवाड़ा में एक भव्य, अनुशासित और प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ.इस महाअधिवेशन में न केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश के अनेक प्रांतों गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से आए समाजबंधु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए.विदिशा जिले से भी रघुवंशी समाज के स्वजातीय बंधुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की.

अधिवेशन में 22 बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें समाज की परंपरा, संस्कृति और संगठनात्मक चेतना को सशक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर समाज बंधुओ ने अपने-अपने विचार रखें.चर्चा के दौरान प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त करते हुए संकल्प पारित किए गए.विभिन्न जिलों से आए सामाजिक बंधुओं ने अपने-अपने जिलों में चलाए जा रही समाज सुधार की सामाजिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दीं.

रघुवंशी समाज का यह दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन छिंदवाड़ा के चांद रोड़ स्थित वृंदावन लॉन में संपन्न हुआ जिसका शुभारंभ चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी, सकल रघुवंशी समाज छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष निरंजन सिंह चौधरी सहित समाज के वरिष्ठजनों, प्रांतीय प्रतिनिधियों और प्रमुख पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम और यज्ञ सम्राट रघुवंशी संत शिरोमणि कनक बिहारी दास जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया. आयोजन समिति के चक्रपाल सिंह रघुवंशी ने बताया कि दो दिनों तक चले इस आयोजन में अनेक विषयगत सत्र आयोजित हुए, जिनमें शिक्षा, संगठन, संस्कृति, विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन, महिला सशक्तिकरण, युवा जागरूकता, समाज की आर्थिक प्रगति और प्रौद्योगिकी के उपयोग जैसे मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ.भारत वर्ष से रघुवंशी प्रतिनिधित्व के लिए अयोध्या में सकल रघुवंशी समाज का एक भव्य भवन बनने पर भी सहमति व्यक्त की गई.

### देशभर से आए रघुवंशी समाज के प्रतिनिधियों ने की सहभागिता

इस अधिवेशन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की. अशोकनगर जिले से सम्मेलन में शामिल होने आए पर्वतारोही मुस्कान रघुवंशी को उनकी उपलब्धि पर छिंदवाड़ा रघुवंशी समाज द्वारा सम्मानित किया गया. अधिवेशन में मध्य प्रदेश के अलावा गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार और महाराष्ट्र के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे समाजोत्थान के कार्यों की जानकारी साझा की.मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, विदिशा, भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर, बैतूल, अशोकनगर, कटनी,उमरिया,होशंगाबाद, सागर, गुना, धार, खरगोन, उज्जैन, होशंगाबाद, पिपरिया, बैतूल, रायसेन,नरसिंहपुर सहित अनेक जिलों से हजारों की संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे.

**मानवता** | **108 एम्बुलेंस सेवा की खुली पोल, मानवता की मिसाल बना गंजबासौदा सिग्नल विभाग**

# असहाय वृद्ध को मिर्गी का दौरा, रेलवे कर्मियों ने बचाई जान

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,रेलवे सिग्नल विभाग, गंजबासौदा ने एक बार फिर साबित किया कि सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवता का सर्वोच्च धर्म है.सोमवार सुबह स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर एक अज्ञात, असहाय वृद्ध को अचानक मिर्गी का तेज़ दौरा पड़ा.वह प्लेटफॉर्म के किनारे गिरकर तड़पने लगा, लेकिन सैकड़ों की भीड़ में से कोई भी रेल यात्री मदद के लिए आगे नहीं आया.**

जैसे ही घटना की खबर सिग्नल विभाग के कर्मचारियों को मिली, कर्मचारियों ने बिना एक पल गंवाए मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला.विभाग के मुकेश अहिरवार ने तुरंत डायल 108 पर एम्बुलेंस बुलाने की कोशिश की, जबकि मोहित रैकवार ने श्रमदान दल के सदस्य एवं अपने साथी आकाश जैन को घटना से अवगत कराया.तत्पश्चात आकाश जैन की अगुआई में करन राय, मोहन कुशवाह, मोहित रैकवार, मुकेश अहिरवार और प्रदीप अहिरवार ने मिलकर वृद्ध को स्ट्रेचर की मदद से 108 एम्बुलेंस से राजीव गांधी जन चिकित्सालय पहुंचाया.

### डायल 108 सेवा की बड़ी लापरवाही, नही है डीजल

पीड़ित वृद्ध को तड़पता देख जब मुकेश अहिरवार ने 108 कंट्रोल रूम से संपर्क किया, तो ऑपरेटर ने चालक को तुरंत घटनास्थल भेजने का निर्देश दिया. लेकिन, हैरानी की बात यह रही कि एम्बुलेंस चालक ने डीजल की कमी का बहाना बनाकर आने से मना कर दिया.यह न केवल सेवा प्रदाता कंपनी की घोर लापरवाही है, बल्कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर खामी भी उजागर करता है.आखिरकार, दूसरे वाहन को भेजा गया, जिससे कीमती समय बर्बाद हुआ.सवाल उठता है कि अगर एक ही समय पर दूसरी गंभीर घटना हो जाती, तो क्या समय पर मदद न मिलने से किसी की जान चली जाती? यह स्थिति किसी भी संवेदनशील प्रशासन के लिए चेतावनी से कम नहीं है.

### रेलवे की संवेदनशीलता बनाम स्वास्थ्य सेवाओं की उदासीनता

जहां एक ओर संसाधनों एवं डॉक्टरों की कमी से जूझता स्वास्थ्य विभाग और जन चिकित्सालय में पदस्थ गिने चुने डॉक्टर पीड़ित ओर घायलों का यथा संभव उपचार कर रहे है प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ितों को बेहतर इलाज के लिए विदिशा भी रेफर कर दिया जा रहा है. वहीं मरीजों को और घायलों को समय पर चिकित्सालय पहुंचाने के जिम्मेदार संस्था 108 एम्बुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी के लोग लोगों के स्वस्थ के साथ खिलवाड़ कर रहे है.जबकि स्वस्थ विभाग को रेलवे कर्मचारी त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और टीमवर्क से सीख लेने की जरूरत है.क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओं के जिम्मेदार तंत्र में लापरवाही और उदासीनता का आलम आम हो चुका है.अब यह प्रदेश और जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे ऐसी गंभीर लापरवाहियों पर कब और कैसे सख्त कार्रवाई करेंगे.

**कार्यालय नगरपालिका परिषद गंजबासौदा जिला विदिशा (म.प्र.)**

कं./प्र.म.आ.शा./2025/4949 गंजबासौदा दिनांक 29/08/2025

**:: प्रेस विज्ञप्ति ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत, ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत 108 एवं 198 कुल 298 हितग्राहियों की सूची भौतिक सत्यापन उपरांत प्राप्त हुई है एवं इसके अतिरिक्त योजनांतर्गत नगरपालिका कार्यालय में प्राप्त समस्त आवेदनों का अवलोकन कार्यालय में किया जा सकता है एवं उक्त के संबंध में दावे आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। सूचना प्रकाशन के 15 दिवस उपरांत अभी तक प्राप्त आवेदनों के संबंध में कोई दावा आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद गंजबासौदा**

- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

निःशुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

**बजने लगा है**
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से